## सार-समाचार

### कंटेनर से शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना पुलिस ने शराब से भरे एक कंटेनर से 15 लाख रुपए कीमत की शराब पकडी है। थाने की रतनपुर चौकी पुलिस ने कंटेनर में बनाई गुप्त केबिन से 235 कार्टन अंग्रेजी शराब की जब्त की है। हाइड्रेटेड लाइम पाउडर की आड में शराब की गुजरात में तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने कंटेनर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक कंटेनर से शराब की तस्करी हो रही है। इस पर पुलिस टीम ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की और ट्रकों की तलाशी शुरू की। इस दौरान मुखबिर के बताए अनुसार एक कंटेनर आया तो उसे रुकवाकर तलाशी ली। पुलिस पूछताछ में चालक ने कंटेनर में हाइड्रेटेड लाइम पाउडर भरा होना बताया। पुलिस ने कंटेनर को खुलवाकर देखा तो अंदर हाइड्रेटेड लाइम पाउडर ही भरा था। हालांकि पुलिस को कंटेनर और केबिन के बीच एक खाली जगह दिखी तो उसकी जांच की। इस दौरान एक गुप्त केबिन बना मिला। इसे खोलने पर अंदर शराब के कार्टन भरे मिले।थानाधिकारी ने बताया कि कंटेनर को जब्त कर शराब नीचे उतारी गई। गिनती करने पर कुल 235 कार्टन अंग्रेजी शराब के निकले। इस शराब की बाजार कीमत करीब 15 लाख की बताई जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी कन्टेनर चालक धर्मदेव पुत्र हरदेवा जाट निवासी बिदासर लक्ष्मणगढ सीकर को गिरफ्तार कर लिया है। चालक ने शराब को गुजरात पहुंचाने की बात कबूल कर ली है। चालक से शराब कहां से भरी और गुजरात में किसको सप्लाई देने जा रहा था, इसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

### आयुर्वेदिक औषधीय लड्डू बांटे

**भीम,** (निसं)। मंगलवार को उपखंड प्रशासन भीम उपखंड अधिकारी श्री उम्मेद सिंह राजावत और आयुर्वेद विभाग राजसमंद उपनिदेशक डॉ मुख्तियार सिंह को प्रेरणा एवं निर्देशन में कस्बे के आदिनाथ जैन रेजिडेन्सी परिवार ने आयुर्वेदिक औषधि से निर्मित लड्डू बांटे। समाजसेवी आयुर्वेद कंपाउंडर राजू वैष्णव ने बताया कि उपखंड अधिकारी उम्मेदसिंह राजावत व आयुर्वेद विभाग उपनिदेशक राजसमन्द डॉ मुख्तियारसिंह कस्बे में प्रतिदिन गौमाताओ को लम्पि त्वचा बीमारी से बचाव व उपचार हेतु आयुर्वेदिक मिश्रण जिसमे गुड, हल्दी, काली मिर्च, आँवला, गिलोय, लोंग, दलचिनि, नामे, तुलसी से मिश्रित औषधिय लड्डू वितरित किये जा रहे है। कस्बे के जैन आदिनाथ सोसाइटी परिवार ने बरतु स्थित शांतिनाथ गौशाला, पशुपलान चिकित्सा विभाग द्वारा बनाये गए क्वारिंटिन सेंटर तथा मलकोट स्थित जैन दिवाकर गुरु प्रताप कमल तीर्थ गौशाला में औषधीय लड्डू बांटे। इस अवसर पर आदिनाथ परिवार के मोहन मारू, लाल चन्द मुणोत, मानक चंद मारू, जिनेश मांडोत, हितेश मेहता, समुद्र संचेली, बाल जी देरासरीया, सुरेश कोठारी, दिनेश सिंघविं, अमित संचेली, नितिन मांडोत, राकेश मांडोत, रोहित गुगलीया, महावीर चोरडिया, सिधार्थ मांडोत, हैप्पी गांधी, अरुण तथा महिला सेवा मंडल की मंजु संचेली, पिंकी संचेली, सीमा, पिंकी व दिव्या उपस्थित थे।

### सहकारी समिति के चुनाव संपन्न

**मंडफिया,** (निसं)। ग्राम सेवा सहकारी समिति मंडफिया के चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुए। चुनाव निर्वाचन अधिकारी मनीष धाभाई ने बताया कि इस ग्राम सेवा सहकारी समिति चुनाव में 501 में से 457 ऋणी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया एवं 885 में से 459 अऋणी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। निर्वाचन अधिकारी धाभाई ने बताया कि ऋणी में 51.86 प्रतिशत एवं अऋणी में 91.21 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चुनाव में कुल 12 वार्डों में से 7 वार्डों के चुनाव हुए जबकि 5 वार्डों के चुनाव निर्विरोध हो चुके थे। इस मौके पर चुनाव सहयोगी गणेश लाल त्रिपाठी, किशन लोढ़ा, भंवर सिंह, जितेंद्र सिंह, गणपत सिंह, मिट्ठू लाल, गोविंद, प्रकाश, महेंद्र एवं ठाम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक रामेश्वर लाल जाट, सह व्यवस्थापक नाथू लाल रेगर, नारायण लाल जाट आदि उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया

**मंडफिया,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी गितेश मालवीय ने यहां मंदिर की धर्मशालाओं का अवलोकन किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मालवीय ने नंदनिकेतन धर्मशाला में निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया।अतिरिक्त जिला कलेक्टर मालवीय ने ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूरा करने को कहा एवं मंदिर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री मालवीय ने इसके अलावा मंदिर की विभिन्न परिसंपत्तियों का भी अवलोकन किया। इससे पूर्व मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच ने भी नंद निकेतन धर्मशाला का देर रात्रि को निरीक्षण किया। इस मौके पर सहायक अभियंता सुरेश चंद्र लड्ढा, धर्मशाला व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह करौली, सत्तार मोहम्मद, हनीफ मोहम्मद आदि उपस्थित थे।

### चामुण्डा मां की प्रतिमा स्थापित की

**देवगढ़,** (निसं)। ग्राम नरदास का गुडा में श्री माँ चामुण्डा नवरात्रि मित्र मण्डल द्वारा नवरात्रि घटस्थापना पर माँ चामुण्डा की प्रतिमा स्थापित की गयी। नीलम गर्ग व निशा जैन ने माँ चामुण्डा की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात कस्तूरी देवी, गीता देवी, लहरीदेवी चनणा देवी, माना देवी, लक्ष्मी देवी, सरोज गर्ग, प्रमिला कुमारी, नीमा गुर्जर द्वारा माँ की आरती की गयी। मण्डल के प्रवीण जैन व अखिलेश त्रिवेदी ने बताया कि डाण्डिया रास का कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। सागर त्रिवेदी द्वारा प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

### पौष्टिक आहार की जानकारी दी

**राजसमंद,** (निसं)। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयं सेविका बिंदु वैष्णव द्वारा गांव देवपुरिया में पोषण माह का आयोजन किया गय। जिसमें महिलाओं, किशोरियों एवं गर्भवती महिला को पोषण माह के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। आंगनवाडी सहायिका ममता वैष्णव ने महिलाओं को खान-पान, पौष्टिक आहार के बारे में बताया। साथ ही खाली स्थान पर पौषण वाटिका का निर्माण करने की जानकारी दी। इस अवसर पर युवा मंडल सदस्य सहित गांव की महिलाएं उपस्थित थी। डॉ. अय्यंगर ने अर्थ संस्था द्वारा गर्भनिरोधक साधना का उदयपुर व राजसमंद ग्रामीण क्षेत्रों में चार हजार से अधिक महिलाओं को उपयोग सम्बन्धित अनुभव साझा किए।

# 'विकास गतिविधियों को रफ्तार देने के हरसंभव उपाय करें'

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जिला कलैक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा ने वीसी के माध्यम से जिले में संचालित विकास कार्यो व योजनाओं की समीक्षा की। शर्मा ने जिले में विकास गतिविधियों को रफ्तार देने में सभी संभव उपाय सुनिश्चत करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास की सभी गतिविधियों और स्वीकृतिशुदा योजनाओं का समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें ताकि ग्रामीणों के लिये इनकी पूरी-पूरी उपयोगिता सामने आ सके।

जिला कलैक्टर प्रकाशचन्द्र शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वे ईकेवायसी से शेष काश्तकारों को जोडने और उनको अपने निकटतम ई-मित्र पर जाकर ईकेवायसी करवाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत मिलने वाले लाभ का फायदा उठाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो की समीक्षा की गई एवं प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने एवं इसके लिए फिल्ड में जाकर वस्तुस्थित देखते हुए कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गये।

बांसवाड़ा जिले में संचालित विकास कार्यों व योजनाओं की जिला कलैक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ( मध्य में ) ने समीक्षा बैठक ली।

वीसी में अतिरिक्त जिला कलैक्टर एवं जिला परिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी नरेश बुनकर ने जिले में हो रहे विकास कार्यो व योजनाओं की अब तक की प्रगति की जानकारी देते हुए कम प्रगति पर संबंधित ब्लॉक को आवश्यक निर्देश दिए।

# विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजसमंद,** (निसं)। विश्व गर्भनिरोधक दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को अर्थ संस्था व जनविकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नव चेतना राह- स्व निर्णय की ओर विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें दम्पितियों के लिए गर्भनिरोधक साधनों की आवश्यकता, उपलब्ध विकल्प एवं उनके शरीर में होने वाले प्रभावों की जानकारी दी तथा गर्भनिरोधक व प्रजनन स्वास्थ्य पर अधिकार व जागरूकता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. पीसी शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुभाष उपस्थित थे। अध्यक्षता महिला व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा मोगरी ने की। संस्था मुख्य कार्यकारी डॉ. शरद अय्यंगार व जन विकास संस्थान निदेशिका शकुंतला पामेचा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 5० युवक-युवतियों तथा क्षेत्रीय गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. अय्यंगार ने अर्थ संस्था द्वारा गर्भनिरोधक साधनों का उदयपुर व राजसमंद ग्रामीण क्षेत्रों में चार हजार से अधिक महिलाओं द्वारा उपयोग सम्बन्धित अनुभव को साझा किया। जिसमें यह देखा गया कि अधिकांश महिलाओं में सफलतापूर्वक गर्भनिरोधक के साथ खून की कमी भी दूर होती है। इस साधन को थोडे समय से लेकर 5 साल के लम्बे अंतराल तक इस्तेमाल किया जा सकता है। डॉ. सुषमा मागरी ने दम्पतियों को लिए उपलब्ध गर्भनिरोध साधनों, उनके महावारी पर होने वाले असर की जानकारी दी व प्रतिभोगियों से सवालों के जवाब दिए। सीएमएचओ डॉ. पीसी शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध गर्भनिरोधक साधनों व सेवाओं के बारे में बताया।

## कबीर प्रतिमा का अनावरण

**राजसमंद,** (निसं)। समीपवर्ती भामा खेडा गांव में पूर्व विधायक बंशीलाल गहलोत द्वारा बंसीवट पर कबीर कुटीर व कबीर प्रतिमा का अनावरण बौद्ध भिक्षु अश्वजीत भंते बालोतरा के संत अमृता राम के सानिध्य में हुआ। प्रारंभ में गहलोत ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी संतों व अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में बौद्ध भिक्षु व अमृता राम ने भी आशीर्वचन दिए। इस दौरान भाणा सरपंच नोकलाल कुमावत, जीवन गहलोत, गणपत गहलोत, नारायणलाल जटिया, भागीरथ बामणिया, लादूलाल आयस चंदेरिया, प्रभुलाल लुगडा, परसराम पोरवाड, कमलेश साहू, शांतिलाल गहलोत, राधेश्याम खटीक आदि मौजूद रहे।

## सुरक्षा की लगाई गुहार

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर थाने में एक शिक्षक ने रायकी आसपुर निवासी युवक व पायरा सलूंबर निवासी दो युवतियों के विरूद्ध एट्रोसिटी, ब्लैक मेलिंग व डरा धमका कर 4० लाख रुपये वसूल करने को लेकर मामला दर्ज करवाया है।

प्रार्थी लखनलाल मीणा पुत्र चिंरजीलाल मीणा हाल निवासी नागदा मोहल्ला-आसपुर ने दर्ज प्रकरण में बताया की जितेन्द्रसिंह राठौड से विगत कई वर्षों से उससे मेरा अच्छे संबंध थे। इन्ही दोस्ती का फायदा उठाते हुए धोखे में रखकर आर्थिक नुकसान पहुंचाने को लेकर जितेन्द्रसिंह के द्वारा डरा धमकाकर एवं अभियुक्ता शिवानी के साथ अनैतिक संबंधों का झूठा मुकदमा दर्ज कराने का डर दिखाकर जितेन्द्रसिंह द्वारा 40० लाख लिए गए है।जितेन्द्र सिंह ने नौकरी को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर 40० लाख रूपये की राशि टुकडो-टुकडो में वसूल की। उक्त कृत्य में अभियुक्ता शिवानी ने साथ दिया।इतना ही नहीं जितेन्द्र सिंह ने शिवानी तथा उसके परिवारजनों के साथ में मिलकर शिक्षक के कार्यस्थल पर शिवानी तथा उसके परिवारजनों ने डरा धमका कर जबरन 500 रूपये के स्टाम्प इच्छा के विरूद्ध लिख कर प्रताडति किया गया। शिवानी के द्वारा भी मुझे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर एवं ऐसे कृत्य के लिये प्रकरण दर्ज कराने की धमकी देकर करीब 8 लाख रुपये हडप लिये हैंए जबकि आज तक ऐसे कोई संबंध नहीं थे।

# शिक्षक सम्मेलन में विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा का दो दिवसीय जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन जिलाध्यक्ष जसवंत पुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को विवेकानंद राउप्रावि सूरजपोल कांकरोली में प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि हिम्मत सिंह बडगूर्जर उपस्थित थे। जिला महामंत्री मोहनलाल सालवी ने शिक्षक समस्याओं पर चर्चा कर संगठित होकर निराकरण करने का आव्हान किया। साथ ही शिक्षक समस्याओं, शिक्षकों की बीएलओ सम्बन्धित कार्य से मुक्ति पर चर्चा की गई।

सम्मेलन में कुक कम हेल्पर के मानदेय में वृद्धि एवं स्थायीकरण, वेतन, प्रधानाध्यापक पदोन्नति व न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों का जल्द निवारण, कंपोजिट ग्रांट राशि दिलाने, रिक्त पदों पर भर्ती के साथ ही शहरी निकाय में छात्र अनुपात में शिक्षकों की कमी होने से शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षक लगाकर पूर्ति करने आदि समस्याओं पर मुकेश शर्मा, कैशचन्द्र शर्मा, रतनलाल आर्य आदि ने विचार-विमर्श किया। जिलाध्यक्ष गोस्वामी ने सभी को संगठित एवं निडर होकर कार्य करने का आ ान किया। साथ ही बीएलओ संघर्ष समिति के मुकेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर शिक्षकों को बीएलओ कार्य एवं अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों से मुक्त करने की मांग रखी गई। जिस पर पूरे सदन ने सहमति प्रदान की। इस अवसर पर रमेश छीपा, इंदू टांक, मोहम्मद अल्ताफ, जगदीशचंद्र भील, गोवर्धनलाल पुर्बिया, दिनेश भांड, धनराज गोस्वामी, रतनलाल कुमावत, भैरूलाल सालवी, महेशचंद्र रैगर सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन : राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) का जिला सम्मेलन जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि शांतिलाल कोठारी, विशिष्ट अतिथि पंकज सालवी, मुकेश जीनगर, राजनारायण बाकोलिया, कांग्रेस एससी विभाग जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड, युवानेता पीरूलाल खिंची, उत्तम खिंची, एकलिंग करोतिया, किशनलाल गाडरी, भगवतीलाल वर्मा, शंकर खिंची थे। राजेन्द्र काला ने अम्बेडकर विचारधारा पर, राकेश गोरा ने शिक्षकों की समस्याओं, मुकेश जीनगर ने संगठन की महत्ता, पंकज सालवी ने संगठन की ताकत, भगवतीलाल वर्मा ने शारीरिक शिक्षकों की समस्या और पदोन्नति पर वार्ता प्रस्तुत की। बुधवार को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श कर 21 सूत्रीय ज्ञापन तैयार कर जिला कलेक्टर को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में देवगढ ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र काला, महामंत्री राकेश गोरा, राजसमन्द ब्लॉक अध्यक्ष महेश रेगर, महामंत्री ललित यादव, कोषाध्यक्ष बाबूलाल सालवी, देलवाडा ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीराम बुनकर, भीम ब्लॉक अध्यक्ष धर्मीचंद रेगर, कुंभलगढ ब्लॉक अध्यक्ष जगदीशप्रसाद मीणा, सुरेश जाटव, बुद्धिलाल जाटव, रामलाल जाटव, खमनोर ब्लॉक अध्यक्ष किशनलाल खटीक, मुकेश बडारिया, कुंवारिया ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश रेगर, हिम्मतलाल, आमेट ब्लॉक अध्यक्ष भगवतीलाल वर्मा, बाबूलाल रेगर, देलवाडा अध्यक्ष तरुण यादव, कन्हैयालाल मीणा, जिला सभाध्यक्ष शैलेश कणिक, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद यादव, कालूलाल रेगर, दारासिंह, संजय खिंची, सुनीता नागोरी, असरूद्दीन खान मौजूद थे। संचालन रघुवीर रांगेरा और भेरूलाल खटीक ने किया।

रेसला का जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन सम्पन्न : रेसला का जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन राउमावि सुंदरचा में सभाध्यक्ष संजय पालीवाल एवं जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह राठौड की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

## सार-समाचार

### विभिन्न मामलों में आठ गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। थाना सर्कल में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए राजनगर थाना पुलिस ने जगह-जगह दबिश देकर जुआ खेलते चार बदमाशों को गिरफ्तार किया तथा मौके से करीब 16 हजार 400 रुपये की नकदी जप्त की। वहीं पुलिस ने सार्वजनिक स्थाल पर लौहे के धारदार छुर्रा लहराते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर छुर्रे जप्त किए। थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा एवं डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन में सर्कल में चल रही अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित के नेतृत्व में उनि श्यामलाल, सउनि शम्भुसिंह, नरोतमपुरी, बहादुरलाल, हेडकोंस्टेबल कल्याणसिंह, सुरेश कुमार, हकीम खां, प्रतापसिंह, कोंस्टेबल नाहरसिंह, महेन्द्रसिंह, वीरेन्द्र कुमार, अभिमन्यु, दिनेशचन्द्र, गणपतलाल, तुलसीराम एवं धन्नाराम की टीम का गठन किया गया। टीम ने जगह-जगह दबिश देकर जुआ खेलते हुए सुरेश माली (32) पुत्र सोहनलाल माली निवासी मालीवाडा राजनगर, सिकंदर पुत्र (32) नन्दलाल छीपा निवासी सनवाड, कैलाश (40) पुत्र नानालाल खटीक निवासी कलालवाटी राजनगर एवं भैरूलाल (32) पुत्र दल्लीचन्द खटीक निवासी दौलत कॉलोनी केलवा हाल सैवाली को जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जुए की राशि 16 हजार 4 सौ रुपये जप्त कर गई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर छुर्रो लहराने के आरोप में फारूख मोहम्मद (37) पुत्र सद्दीक मोहम्मद निवासी भगवान्दा खुर्द, आरीफ खान (30) मुबारिक खान निवासी हुसैनी चौक अंजुमन के पीछे राजनगर, सलीम मोहम्मद उर्फ सलीम शाह (40) ताज मोहम्मद उर्फ ताजु भाई फकीर निवासी मामु भाणेज रोड राजनगर एवं दिनेश (39) पुत्र प्यारचन्द रैगर निवासी रैगर मोहल्ला राजनगर को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कब्जे से छुर्रे जप्त किए गए।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमेन्द्र नागर व अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गषि सुधांशु पांडे की मौजूदगी में मंगलवार को ईडीपी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों से प्रगति वार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये है। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों से प्रशासन गांवों के संग अभियान में जिसके नामांतरण पूर्ण नहीं हुए है, उसका निस्तारण करते हुए उसकी रिपोर्ट ऑनलाईन पूर्ण करके इसकी पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि जिले में जिन ब्लॉकों में ई-केवाईसी में आवंटन नहीं हुआ है, उसको पूर्ण करने के निर्देश दिये है। साथ ही इसके लिये पटवारियों को इसके लिये पाबंद करने के निर्देश प्रदान किये है।बैठक में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने मुख्यमंत्री सहायता कोष की जिन भी ब्लॉकों में रिपोर्ट लंबित है, उसको पूर्ण करते हुए इसकी पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। साथ ही मुख्यमंत्री सहायता कोष की जिन भी ब्लॉको की रिपोर्ट बाकी है, उसको भिजवाने के निर्देश दिये है। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने नवीन राजस्व ग्राम के प्रस्तावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नवीन राजस्व ग्रामों के प्रस्तावों की रिपोर्ट लंबित है, उसको पूर्ण करें ।साथ ही कोई भी रिपोर्ट को सात दिवस से यादा लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये है।

### वागड पक्षी दिवस पर होगी पेंटिंग प्रतियोगिता

**बांसवाड़ा,** (निसं)। वागड पर्यावरण संस्थान की ओर से वागड पक्षी दिवस पर स्कूल तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए नीलकंठ पेन्टिंग प्रतियोगिता 1 अक्टूबर को आयोजित की जायेगी। विजेताओं को 5 अक्टूबर को बायीतालाब स्थित पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्ट्री चौराहा स्थित सराफ कोम्पलेक्स में बैठक हुई। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि 5 अक्टूबर को वागड पक्षी दिवस पर बायी तालाब स्थित पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर पर प्रात: 7:15 बजे मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। संगोष्ठी तथा विजेताओं को पुरस्कृत करने के बाद नीलकंठ पक्षी देखने के लिए चाचाकोटा की ओर प्रस्थान किया जाएगा। इससे पहले 1 अक्टूबर को विद्यालयों में नीलकंठ पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बैठक में संस्थान के यश सराफ, कपिल पुरोहित, विराट संघवी, हिमालय जोशी, प्रदीप सेन, आशीष मेहता, आशुतोष मेहता, दीपक बाथम, मंयक भोई व भुवनेश पंचाल ने विचार व्यक्त किये।

### आईटीआई में प्रवेश प्रारम्भ

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बांसवाडा में एनसीवीटी योजनान्तर्गत प्रवेश सत्र 2022-23 में केन्द्रीकृत ऑनलाईन आवेदन-फार्म प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से दसवीं उत्तीर्ण व्यवसाय फिटर, मेकेनिक मोटर (व्हीकल), ड्राफ्समेन सिविल, आईसीटीएसएम, मेकेनिक डिजल, स्टेनों हिन्दी, कोपा एवं आठवीं उत्तीर्ण व्यवसाय - वैल्डर, प्लम्बर, स्वींग टेक्नोलॉजी, ड्राईवर कम मेकेनिक में निर्धारित सीटों के लिए ऑनलाईन आवेदन - फार्म मय योग्यता, अंकतालिका एवं मूल निवास, जाति प्रमाण -पत्र 29 सितम्बर तक संस्थान में जमा किये जा सकते है । औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपाचार्य विजेन्द्र कुमार मीनाा ने बताया कि प्रवेश के लिए दसवीं/आठवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकतें है। इधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बागीदौरा में प्रवेशोपरांत रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाईन सीधी भर्ती के लिए फार्म आवेदन की तिथि 29 सितम्बर तक बढाई गई है। प्रवेश प्रक्रिया 3० सितम्बर को संस्थान में होगी।

### परामर्श शिविर का आयोजन 29 को

**राजसमंद,** (निसं)। राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय भवन परिसर नाथद्वारा में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजन 29 सितम्बर को प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी शिविर प्रभारी डॉ. राजेन्द्र कुमार जांगिड ने दी। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों द्वारा शिविर में माइग्रेन, साइनस, एलर्जी, नजला, पुराना जुखाम, कान से मवाद आना, बहरापन, कान से आवाज आना, आवाज का बैठ जाना, बार-बार टोंसिल होना, गले में खराश होना एवं नाक, कान व गला रोग सें सम्बन्धित रोगों का उपचार कर औषधियों का भी नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का जिला शैक्षिक सम्मेलन सम्पन्न

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षण शेखावत के जिला शैक्षिक अधिवेशन जिलाध्यक्ष मणिलाल मालीवाड की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए कर्मचारी नेता विमल भगोरा ने कहा कि देश में लागू हुई नई पेंशन नीति कर्मचारियों के लिए घातक साबित हुई है राजस्थान में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना वापस मिली है पर अभी भी देश में पीएफ आरडी, कानून रद्द नहीं होने पर खतरा बना हुआ है इसलिए कानून रद्द होने तक संघर्ष को आगे बढाना होगा। अधिवेशन के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल कलाल ने राज्य सरकार के शिक्षा में बढते कदम कार्यक्रम को सफल बनाने प्रभावी क्रियान्वयन करने का आव्हान किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा डूंगरपुर का सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ हेमंत चंडालिया प्रोफेसर जनार्दन रायनागर विद्यापीठ उदयपुर ने नई शिक्षा नीति 2020 सामाजिक ध्रुवीकरण एवं शिक्षकों की भूमिका पर अपनी बात रखते

शिक्षक संघ शेखावत का जिला शैक्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान विमल भगोरा ( बांये से दूसरे ), जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल कलाल ( बांये से चौथे ), धनेश्वर पंड्या ( दांये से दूसरे ) आदि मौजूद रहे।

हुए कहा नई शिक्षा नीति शिक्षा रोजगार खत्म करेगी। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को पूरी तरह बाजार के हवाले किया जा रहा है सरकार लगातार शिक्षा पर खर्च कम कर रही है देशी विदेशी पूंजीपतियों को शिक्षा में निवेश बढाने की छूट दी जा रही है और नई शिक्षा नीति में शिक्षकों के लिए वेतनमान ही नहीं होंगे और स्थाई शिक्षकों की भर्ती नहीं करने का सुझाव दे रही है । समाज को रूढवादी और वैज्ञानिक परंपरावादी बनाने पर जोर दे रही है जो भाषा आम जनता की नहीं है जो नई शिक्षा नीति में बढावा दिया जा रहा है। मुख्य वक्ता ने कहा शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करते हुए केजी टू पीजी के ढांचे को मजबूत करते हुए चपरासी से लेकर प्रिंसिपल तक की एकता को कायम करना होगा।

## मोहम्मद हुसनैन ने जीता गोल्ड मेडल

**राजसमंद,** (निसं)। कुंवारिया के समीपवर्ती कुरज निवासी सात वर्षीय मोहम्मद हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन ने अपना हुनर दिखाते हुए राज्य स्तरीय कुडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद हसनैन ने उदयपुर में 22 से 25 सितंबर तक आयोजित 9वीं राज्य स्तरीय कुडो प्रतियोगिता 2022 में भाग लेते हुए अण्डर 7 वर्ष 27 किलो वर्ग में फाईनल रौचक मुकाबला जीत कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। मोहम्मद हसनैन अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा तथा आगामी 24 से 26 अक्टूबर को गुजरात के बारडोली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। हसनैने ने इस उपलब्धि का श्रैय अपने माता-पिता को दिया है। कुडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर मोहम्मद हसनैन के परिवार के बाबुदीन रंगरेज, लियाकत हुसैन, मकदुम रजा, आमना बानु, अस्मा डायर, कुरज सरपंच देऊ चौधरी, पूर्व सरपंच अनिल चौधरी, वरिष्ठ खिलाडी जब्बार मोहम्मद, पूर्व सरपंच कमलेश राजौरा, पं.स. सदस्य प्रवीण वीरवाल, किशनलाल खटीक आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद की पूर्व तैयारी को लेकर बैठक

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर ने ( बांये से प्रथम ) अधिकारियों की बैठक ली।

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता के पूर्व तैयारी के सम्बन्ध में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना से अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिला कलैक्टर ने जिला मुख्यालय स्थित बालकृष्ण स्टेडियम में 29 सितम्बर से एक अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाडियों के ठहरने के लिए धर्मशाला, ग्राउण्ड की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिस्तर, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ उत्साह चौधरी, एसीईओ भुवनेश्वरसिंह चौहान, एसडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, एडीईओ शिव कुमार व्यास सहित समस्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। जिला खेल अधिकारी चांद खां पठान ने जिला कलक्टर को खेलों की सम्पूर्ण जानकारी दी। जिला पर्यवेक्षक श्याम सिंह सिसोदिया ने बताया कि जिला मुख्यालय कांकरोली स्थित बालकृष्ण स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा।